SHRI GULABRAO ESHWARA KHANDVE EDUCATIONAL FOUNDATION

# JAGADGURU INTERNATIONAL SCHOOL, LOHEGAON, PUNE

**TERM - 1 EXAM (2024-2025)**

**Grade – IV** | **Time: - 3 Hours**
**Subject: - Hindi** | **M. Marks: - 80**
**Date: - 19/09/2024** | **Roll No. _____**

निर्देशः 1 इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं क, ख, ग, घ।
2 चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3 यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खण्ड 'क' (पठन)

**प्रश्न.1) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** (7)

एक नगर में एक दिन पंछियों का मेला लगा था।उस मेले में तरह-तरह के पंछी बेचने के लिए रखे थे।जैसे-मैना, तोता, काबूतर, बुलबुल।एक सेठ अपनी दुकान के लिए एक तोता खरीदना चाहता था।एक सुंदर तोते को देखकर वह सेठ रूक गया।तोता सेठ को देखकर बोला,"तू यहाँ क्यों आया? चल जा यहाँ से।" सेठ आगे बढ़ गया और दूसरे तोते को देखने लगा।दूसरा तोता बोला, " राम! राम! आइए बैठिए।आप कैसे है?" सेठ को तोते की बोली बहुत मीठी लगी, वे खुश हो गए।तोते के मालिक को एक हज़ार रूपए देकर वह तोता खरीद लिया।मालिक ने कहा, "पहला तोता भी ले जाइए देखिए कितना सुंदर है।" सेठ ने कहा, "तोता सुंदर तो है, पर इसके बोल कड़वे है।" सच ही है मनुष्य की पहचान रूप से नहीं तो स्वभाव से होती है।

i) पंछियों का मेला कहाँ लगा था?
ii) सेठजी मेले में क्यों गए थे?
iii) दूसरा तोता ने क्या कहा?
iv) पहले तोते के बारे में सेठजी ने क्या कहा?
v) ऊपर दिए गए गद्यांश में से दो बिंदुवाले शब्द छाँटकर लिखिए।
vi) 'स्वभाव' इस शब्द का अपने वाक्य में प्रयोग करें।
vii) ऊपर दिए गए गद्यांश के लिए उचित शीर्षक दीजिए।

**प्रश्न.2) नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** (7)

निकलकर बादलों की गोद से बूँद अभी चली थी बस कुछ ही कदम
लगी सोचने वह अब घर तो छूटा, देव अब मेरे भाग्य में आगे क्या?
धूल में मिल जाऊँगी या फिर, जल उठूँगी अँगारे में किसी पल।
मिलेगा मुझे कमल का आसरा या फिर,
नदी में मिल कर उसका अंग बन जाऊँगी।
यदि मेरा भाग्य हुआ तो समंदर में एक सीप में जाकर मोती का रूप पाऊँगी।
मैं नहीं जानती क्या होगा, लेकिन जो कुछ होगा मेरे साथ
निभाऊँगी अपना किरदार मैं पूरी ईमानदारी के साथ।

i) बूँद कहाँ से निकल पड़ी है?
ii) सीप में जाकर बूँद के साथ क्या होगा?

iii) नदी में जाकर बूँद के साथ क्या होगा?

iv) अंत में बूँद क्या सोचती है?

v) ऊपर दिए गए पद्यांश में से दो क्रिया शब्द छाँटकर लिखिए।

vi) 'ईमानदारी'इस शब्द का अपने वाक्य में प्रयोग करें।

vii) ऊपर दिए गए पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

**प्रश्न 3) नीचे दी गई कहानी की पंक्तियों को पढ़कर सही क्रम में लगाइए।** **(6)**

i) देवदत्त ने हंस की माँग की तो सिद्धार्थ ने देने से मना कर दिया।न्याय के लिए दोनों राजकुमार राजदरबार में पहुँचे।**4**

ii) सिद्धार्थ ने हंस को उठाकर अपनी गोद में बिठाया घाव पर दवा लगाई और उसे पानी पिलाया।**3**

iii) बहुत पुरानी बात है, शुद्दोधन नामक एक पराक्रमी राजा थे जो न्यायप्रियता के लिए प्रसिद्ध थे।उसी राज्य के दो राजकुमार थे एक सिद्धार्थ और दूसरा देवदत्त। **1**

iv) राजा ने दोनों की पूरी बात सुनी और न्याय किया कि, और हंस सिद्धार्थ को दे दिया।**5** सच ही तो है मारने वाले से हमेशा बचाने वाला श्रेष्ठ होता है।**6**

v) राजकुमार सिद्धार्थ अपने मित्र के साथ महल के उपवन में टहल रहे थे। तभी देवदत्त के तीर से

vi) घायल हंस उसके सामने गिर गया।**2**

## खण्ड 'ख'(व्याकरण)

**प्रश्न.4)**

**क) नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।** **(3)**

i) **पिता** ii) हवा iii) जंगल

**ख) नीचे दिए गए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (वाक्यांश)** **(3)**

i) गाँव में रहने वाला - ...............

ii) जो कभी ना मरे - ...............

iii) साल में एक बार होने वाला - ...............

ग) नीचे दिए गए शब्दों के **विलोम** शब्द लिखिए। **(2)**

i) **उचित** ×

ii) **हित** ×

**घ) नीचे दिए गए के काल पहचानिए।** **(2)**

i) मैंने मामाजी को पत्र लिखा।

ii) मुझे भाषण प्रतियोगिता में पुरस्कार मिलेगा।

**ङ) नीचे दिए गए मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें।** **(2)**

i) नौ दो ग्यारह होना -

ii) पीठ थपथपाना -

**च) नीचे दिए गए वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द के साथ रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।** **(2)**

i) ............... आज पहली बार शहर घूमने गए थे। (वे/उस)

ii) ............... अपने से बड़ों का सदा आदर करूँगा। (मैं/वह)

**छ) नीचे दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए।** **(2)**

i) बाग में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं।

ii) राजस्थान में बड़े बड़े महल और हवेलियाँ हैं।

ज) **नीचे दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।** **(2)**

i) आज राधा ने खाना बनाया

ii) अरे सारा सामान खराब हो गया

झ) **नीचे दिए गए वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए।** **(2)**

i) रेडियम की खोज मैरी क्यूरी ने की।

ii) भारत के मध्य में सतपुड़ा और विन्ध्याचल पर्वत हैं।

## खण्ड 'ग' (साहित्य)

प्रश्न.5) **नीचे दिए गए में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** **(10)**

i) आकाश के पिता क्यों चिंतित थे?

ii) खिड़की रोज़ सुबह क्या करती है?

iii) गांधीजी कृष्णशंकर मास्टर का उपकार क्यों मानते थे?

iv) बैलों ने सांड का सामना कैसे किया?

v) अनिरूद्ध के राज्य में सूखा क्यों पड़ने लगा?

vi) सुबह देर तक क्यों नहीं सोना चाहिए।

प्रश्न.6) **नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द का प्रयोग करते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।** **(3)**

i) आचार्य चणक ने बालक का नाम ....................... रखा।

ii) वहीं दूसरी ओर अमृत को अपना ........... याद आया।

iii) हिन्द देश के निवासी सभी जन ................. हैं,<br>रंग-रूप, वेश-भाषा चाहे अनेक हैं।

प्रश्न.7) **नीचे दिए गए वाक्य किसने किससे कहें हैं लिखिए।** **(3)**

i) अगर हम युद्ध नहीं करेंगे तो वह हम सबको बंदी बना लेगा।

ii) उन्होंने एक पत्र आपके नाम दिया हैं।

iii) लेकिन आजकल वहाँ जाना बड़ा मुश्किल है।

प्रश्न.8) **नीचे दिए गए सही विधानों के सामने सही और गलत विधानों के सामने गलत ।** **(2)**

i) आकाश छाल लाने के लिए घाटी की ओर गया था।

ii) हीरा-मोती ने खेत में चना खाया।

iii) पेड़ किसी से नहीं पूछता कि आप कहाँ से आए हैं?

iv) घर के भोजन में पूरे पौष्टिक तत्व नहीं होते।

प्रश्न.9) **नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(2)**

i) आचार्य चणक कहाँ रहते थे?

क) पाटलिपुत्र में — ख) तक्षशिला में<br>ग) उज्जयिनी में — घ) शांति निकेतन में

ii) सारी नदियाँ कहाँ मिलकर एक होती हैं?

क) तालाब में — ख) कुएँ में<br>ग) पोखर में — घ) सागर में

## खण्ड 'घ' (लेखन)

प्रश्न.10) **अपनी किसी रोचक यात्रा के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।** **(5)**

प्रश्न.11) **आपकी साइकिल विद्यालय के मैदान में खो गई है, इस बात की जानकारी सभी छात्रों को सूचित करने के लिए सूचना बनाइए।** **(5)**

प्रश्न.12) **नीचे दिए गए किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।** **(5)**

समय का सदुपयोग

नदी किनारे एक शाम

प्रश्न.13) नीचे दिए गए चित्र का वर्णन शब्दों की सहायता से करें। **(5)**

| |
|---|
| सुबह का समय, इतवार का दिन, स्कूल की छुट्टी, गाँव, गाय, कुँआ, औरतें, कपड़े धोना, पानी भरना, बच्चों का आँगन में खेलना |



.......................................................................................................